# कटावरोधी कार्य समय से पूरा कर लें संवेदक

## जलसंसाधन मंत्री संजय झा ने जहाज परिचालन से कटावरोधी कार्यों को हो रहे नुकसान पर जताई चिंता

**जागरण संवाददाता, भागलपुर :** जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने मंगलवार को संभावित बाढ़ आपदा से बचाव को लेकर भागलपुर और कटिहार में चल रहे कार्यों का हवाई सर्वेक्षण किया। कई जगहों पर मंत्री ने चल रहे कटाव निरोधक कार्य का स्थल निरीक्षण भी किया। बाद में मंत्री ने परिसदन में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

मंत्री ने कहा कि 15 जून तक फ्लड फाइटिंग का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। समय पर कार्य पूरा नहीं करने वाले संवेदकों पर एफआइआर कराने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने कहा कि फरक्का बराज के कारण गंगा में गाद की समस्या बढ़ी है। फरक्का बराज का सर्वे करने जब अधिकारी जाते हैं, तो वहां उन्हें सहयोग नहीं मिलता है। यह मामला केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। वाराणसी

**15** जून तक फ्लड फाइटिंग का कार्य पूरा कराने के निर्देश

**03** स्लूइस गेट का किया जा रहा है निर्माण

से हल्दिया तक राष्ट्रीय जल मार्ग वन (नेशनल वाटर वे वन) को एनजीटी को भी हरी झंडी मिल गई है। एक ओर जहां नियमित कार्गो के परिचालन की तैयारी की जा रही है। वहीं, मंत्री ने भागलपुर में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि कई बार शिप का परिचालन किनारे होकर किया जाता है। शिप के परिचालन के कारण पानी में उत्पन्न होने वाले वेव (तरंग) से कराए गए कटाव निरोधक कार्य को नुकसान पहुंचता है। इसको लेकर भी हम अपनी आपत्ति केंद्र सरकार के समक्ष दर्ज कराएंगे। मंत्री ने महानंदा बाढ़ प्रबंधन योजना फेज-दो के तहत 198 किलोमीटर नए तटबंध के निर्माण स्थल का निरीक्षण भी किया। इस महत्वाकांक्षी योजना को प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गई है। कटिहार बाढ़ प्रक्षेत्र में 2022 की बाढ़ से पूर्व भागलपुर जिला में 13, कटिहार में 10, पूर्णिया में 10, अररिया में चार, किशनगंज में छह और लखीसराय में तीन कटाव निरोधक योजना अर्थात कुल 46 कटाव निरोधक योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई थी। मंत्री ने सभी योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। इससे पूर्व मंत्री नवगछिया से सड़क मार्ग द्वारा इस्माइलपुर-बिंद टोली तटबंध के टूटान बिंदु (जहां बीते वर्ष बाढ़ के दौरान तटबंध टूटा था) पर जाकर वहां कराए जा रहे कटाव निरोधक कार्य का स्थल निरीक्षण किया। जल संसाधन विभाग द्वारा बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल नवगछिया के अधीन इस्माइलपुर-बिंदटोली तटबंध के स्पर संख्या 02 एवं 03 के बीच और स्पर संख्या छह एन एवं सात पर कटाव निरोधक कार्य कराया जा रहा है। इन कार्यों का निरीक्षण करने के दौरान जल संसाधन मंत्री ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि भागलपुर जिले में गंगा नदी के बाएं किनारे पर इस्माइलपुर से जाह्नवी चौक तक बन रहे तटबंध और तीन एंटी फ्लड स्लूइस गेट के निर्माण का भी मंत्री ने निरीक्षण किया।



नवगछिया में चल रहे कटाव निरोधक कार्य के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से पूछताछ करते जलसंसाधन मंत्री संजय झा • जागरण

### ग्रामीणों ने मंत्री से की बांधों को मजबूत कराने की मांग

**संसू, नवगछिया :** कैंप कार्यालय में सैदपुर के ग्रामीण अधिवक्ता मुकेश कुमार, प्रखंड जदयू अध्यक्ष साकेत बिहारी, मनोज कुमर ने ब्रह्मोत्तर बांध के निर्माण व स्पर संख्या पांच से लेकर सात तक तटबंध को मजबूत करने हेतु और अधिक कार्य करवाने की मांग की। तिनटंगा करारी के पूर्व मुखिया गिरिधारी प्रासवान, पूर्व सरपंच शम्भु यादव, सरपंच घनश्याम यादव स्पर संख्या नौ के आगे कार्य करवाने की मांग की ताकि तिनटंगा करारी को कटाव से बचाया जा सके। तिनटंगा दियारा के मुखिया गणेश प्रसाद मंडल ने बड़े स्तर पर कटावरोधी कार्य करवाने की मांग की है।

E-mail :skgodda82@gmail.com
E OF EDUCATION
Muffasil Thana, Sarkanda
rkhand)-814133